### खबर संक्षेप

## कृषि विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का दो दिवसीय आयोजन आज से

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मध्यआप्रदेश राज्यं मिलेट मिशन योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में 23 एवं 24 फरवरी को कृषि विज्ञान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसके सफल आयोजन के लिए उप संचालक कृषि अरूणिमा सेन को नोडल अधिकारी नियुक्तत किया गया है। कृषि विज्ञान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के व्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्ट र श्री तिवारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य दायित्वज सौंपा है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इस कृषि विज्ञान मेला में एनएमएनएफ योजना में चयनित समस्तट कृषि सखी एवं कृषकों और दुग्धि उत्पारदक समितियों के सदस्योंक, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के सदस्यो कृषकों की की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। प्राकृतिक खेती, बी आर सी, कोदो-कुटकी चिरौंजी के स्टोल लगाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा सांची दुग्धी और स्वय-सहायता समूह के उत्पायदन का भी प्रदर्शन स्टा ल लगाया जाय। किसानों को उन्नऔत कृषि तकनीकी की जानकारी देने के उददे्श्यभ से कृषि विज्ञान मेला में उन्नत कृषि यंत्रों, हैप्पीं सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, बेलर, रिपर कंबाइन, हार्वेस्टेर, ट्रेक्टकर, राइस ट्रांस्पलांटर, स्ट्रापरीपर आदि मशीनों प्रदर्शन किया जाएगा।

## दो आदतन अपराधियों को तीन माह के लिए किया जिला बदर

**कटनी।** जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने जिले के 2 आदतन अपराधियों के विरूद्ध मध्यदप्रदेश राज्यव सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए जिले की राजस्व सीमाओं से 3 माह कि अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने इन दोनों अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही की है। इंडिया होटल के पीछे कोरी मोहल्ला कुठला थाना कोतवाली निवासी 24 वर्षीय अभिषेक ऊर्फ छोटू निषाद के विरूद्ध वर्ष 2023 से अक्टूलबर 2025 तक की अवधि में कोतवाली थाना में 4 प्रकरण और पुलिस थाना एनकेजे में 1 प्रकरण को मिलाकर कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध है। इसी प्रकार ग्राम गुड़ा थाना ढीमरखेड़ा 35 साल दीपचंद उर्फ दिप्पू लोधी के विरूद्ध वर्ष 2018 से अब तक मारपीट एवं चोरी के 5 प्रकरण दर्ज है। इनके आपराधिक कृत्यों.पर अंकुश लगने के लिए जिला दंडाधिकारी श्री तिवारी ने दोनों आदतन अपराधियों क्रमशः अभिषेक उर्फ छोटू निषाद और दीपचंद उर्फ दिप्पू लोधी को कटनी जिले की राजस्वर सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नाो एवं उमरिया की राजस्वय सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है। इन दोनों को 3 माह कि अवधि तक न्यायालय में नियत पेशी दिनांक को संबंधित पुलिस थाना को लिखित में सूचना देकर उपस्थित होने की अनुमति है।

## श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की सुनाई कथा




**सिलौंडी।** गोपालपुर में चल रही भागवत कथा में कथावाचक ब्रज कृष्ण भूषण महाराज ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा को सुनाया। भगवान और गरीब ब्राह्मण सुदामा की मित्रता की कथा में भक्त भाव विभोर हो गये। भगवान श्री कृष्ण अपने मित्र को तीन लोक का सुख समृद्धि प्रदान किया। जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, मोती हल्दकार, विजय राय ,गणेश राय ,सोहन सिंह बागरी ने कथावाचक का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान समिती अध्यक्ष मोहन सिंह बागरी, अर्चना प्रवीण तिवारी,कोढ़ी पटेल ,अंकुल वैष्णव , मीना मोहन बागरी, अरविंद तिवारी,सहित सैकड़ों भक्त की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर के निर्देश पर चलाया गया अभियान, सैटेलाइट इमेजरी से निगरानी

# अवैध उत्खनन पर सख्ती: 50 से अधिक वाहनों पर कार्रवाई, 30 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




जिले में खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अभियान चलाया गया। पिछले दो महीनों में 50 से अधिक प्रकरण दर्ज कर लगभग 30 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। गौरतलब है कि कलेक्टर की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित संयुक्त टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनवरी से अब तक अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के मामलों में त्वरित कार्रवाई की गई है।

उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि—अवैध उत्खनन के 3 प्रकरणों में 2 लाख रुपये,अवैध भंडारण के 3 प्रकरणों में 8 लाख रुपये,तथा अवैध परिवहन के 40 से अधिक प्रकरणों में लगभग 20 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।कुल मिलाकर 50 से अधिक प्रकरणों में करीब 30 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है।

### खदान संचालकों पर कार्रवाई

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए राजस्व वसूली की प्रक्रिया और तेज कर दी गई है। नियमों की अनदेखी करने वाली 4 खदानों के विरुद्ध निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। भू-भाटक (डेड रेंट) एवं बकाया राशि समय पर जमा न करने वाले संचालकों को नोटिस जारी कर कड़े निर्देश दिए गए हैं।

### आधुनिक तकनीक से निगरानी

जिले में खदानों की निगरानी के लिए भौतिक निरीक्षण के साथ-साथ सैटेलाइट इमेजरी जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इससे अवैध उत्खनन वाले क्षेत्रों की सटीक पहचान संभव हो रही है। प्रशासन का उद्देश्य खनिज उत्पादन को व्यवस्थित करना, समय पर रॉयल्टी जमा कराना तथा पर्यावरणीय एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराना है।

### इन प्रकरणों में दंडात्मक कार्रवाई

23 दिसंबर 2025, ग्राम सुतरी, तहसील बरही में खसरा क्रमांक 470 (रकबा 13.820 हे.) के अंश भाग में अनिल कुमार कचेर द्वारा 50 घनमीटर रेत उत्खनन पर 1,87,500 रुपये का अर्थदंड।इसी दिन दिलीप सिंह गौड़ द्वारा 55 घनमीटर रेत उत्खनन पर 2,06,125 रुपये का अर्थदंड। फरवरी 2026, ग्राम पिपरिया शुक्ला, तहसील ढीमरखेड़ा में 13 घनमीटर रेत उत्खनन पर संबंधित आरोपियों पर कुल 50,640 रुपये का अर्थदंड।13 फरवरी 2026, ग्राम जमुवानी कला, तहसील विजयराघवगढ़ में 105 टन चूना पत्थर के अवैध खनन पर संबंधित व्यक्तियों पर कुल 2,52,000 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।



## अवकाश के दिन में भी नगर निगम ने लगाये विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व अधिक से अधिक नागरिकों को निगम के बकाया करों को सहजता से जमा करने की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा रविवार को शासकीय अवकाश रविवार के दिन भी निगम के कैश काउंटर सहित दो स्थलों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया ।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि निगम प्रशासन के वसूली हेतु गठित दलों द्वारा भी शहर के विभिन्न वार्डों में सक्रिय रहकर करदाताओं से डोर-टू-डोर संपर्क किया। दलों ने बकायादारों को कर अदायगी के प्रति जागरूक करते हुए लंबित राशि शीघ्र जमा कराने का आग्रह किया गया। इस कार्यवाही के दौरान करदाताओं को उनके घरों पर ही पीओएस मशीन के माध्यम से बकाया कर की राशि जमा करते हुए रसीद भी प्रदान की गई।

श्री पाठक ने बताया कि पीओएस मशीन से निगम के बकाया के भुगतान को लेकर जहां नागरिकों में जागरूकता देखने को मिल रही है वही निगम कर्मचारियों को भी बकाया करों के संग्रहण में काफी सुविधा हो रही है। इस पहल का उद्देश्य राजस्व संग्रहण में गति लाने के साथ-साथ नागरिकों को समयबद्ध एवं सुगम सेवा उपलब्ध कराना है।

### जिले में 9 होम स्टे बनकर तैयार, 10 निर्माणाधीन

## होम स्टे में पर्यटक ग्रामीण परिवेश की जीवनशैली का कर सकेंगे अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में पहली बार ग्रामीण परिवेश से परिपूर्ण 9 होमस्टे बनकर तैयार हो गए हैं, जबकि 10 अन्य होमस्टे निर्माणाधीन हैं। अब पर्यटक यहां कम खर्च में गांवों की नैसर्गिक सुंदरता, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत का आत्मीय अनुभव कर सकेंगे।इससे कटनी के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी।

जिले का बड़ा क्षेत्र बांधवगढ़ नेशनल पार्क के बफर जोन से जुड़ा हुआ है। साथ ही वाणसागर बैक वाटर के रमणीय दृश्य, अथाह जलराशि और आसपास स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध मंदिरों का भ्रमण अब होमस्टे में ठहरकर सहज रूप से किया जा सकेगा। विकासखंड विजयराघवगढ़ और बड़वारा के ग्राम खितौली, कोनिया और जमुनिया में होमस्टे बन गए हैं।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि होमस्टे के माध्यम से कटनी के ग्राम्य जीवन की सादगी ,पारंपरिक खान-पान, लोक कला एवं समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर की व्यापक ब्रांडिंग होगी। इस पहल से न केवल पर्यटन को गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर टैक्सी सेवा, हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से मानव जीवन विकास समिति द्वारा कुल 19 होमस्टे विकसित किए जा रहे हैं।समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह ने बताया कि एक होमस्टे के निर्माण में लगभग 5 से 6 लाख रुपये की लागत आती है। योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की ग्रामीण पर्यटन योजना से 2 लाख रुपये तथा ट्रायबल टूरिज्म परियोजना के तहत 3 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाता है। शेष राशि हितग्राही द्वारा स्वयं वहन की जाती है।

होमस्टे निर्माण के लिए ऐसे गांवों का चयन किया गया है जो प्रमुख पर्यटन स्थलों के निकट स्थित हैं, ताकि पर्यटकों को भ्रमण में सुविधा हो। यहां ठहरने वाले ग्रामीण, शहरी एवं विदेशी पर्यटक देशी भोजन, ग्रामीण संस्कृति और प्राकृतिक वातावरण का वास्तविक आनंद ले सकेंगे।

### कलश शोभायात्रा के साथ 11 कुण्डी शिवरूद्र महायज्ञ शुरू



खंदवारा स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वर धाम में ग्यारह कुण्डी शिवरुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। धार्मिक आस्था और उत्साह के वातावरण में आरंभ हुआ महायज्ञ 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।शुभारंभ अवसर पर निकली कलश शोभायात्रा खंडवारा से शुरू होकर सारंगपुर, टिकुरी,बाला, ढिर्री, बिहरिया के प्रमुख मार्गों से होती हुई यज्ञ स्थल पहुँची। बैंडबाजों की मधुर धुनों और जयकारों के बीच महिलाओं एवं युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धाभाव से सहभागिता की। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। महायज्ञ का संचालन यज्ञाचार्य पं. गोविंद प्रसाद मिश्रा के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक किया गया। वहीं कथा व्यास साध्वी प्रेमलता जी ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। शोभायात्रा में सांसद हिमाद्री सिंह,संचालक ठाकुर मकरंद सिंह, सरपंच रविन्द्र सिंह ठाकुर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

## उमरियापान पहुँची सांसद को बताई क्षेत्र की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह का उमरियापान आगमन हुआ, जहां कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला से स्वागत किया। सांसद ने मंगल भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर संवाद किया। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में चौरसिया समाज के लोगों ने पान बरेजा को हुए नुकसान एवं मुआवजा नहीं मिलने की समस्या उठाई। इस पर सांसद ने संबंधित प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई के लिए ढीमरखेड़ा तहसीलदार को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कार्यकर्ताओं ने सड़क, बिजली, पेयजल एवं विभिन्न निर्माण कार्यों से जुड़ी मूलभूत समस्याओं के संबंध में पत्र सौंपे। सांसद ने संबंधित विभागों से समन्वय कर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

इसके पूर्व सांसद हिमाद्री सिंह ने भरभरा आश्रम पहुंचकर संत बनवारीदास महाराज और हरदी कुटी आश्रम में आयोजित यज्ञ में शामिल होकर संत कौशिल्या दास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

बैठक में मीसाबंदी गया प्रसाद चौरसिया, विजय दुबे, कालूराम चौरसिया, पदमेश गौतम, प्रशांत राय, आशीष चौरसिया, नरेंद्र त्रिपाठी, राजा चौरसिया, राजेश ब्यौहार, गोविंद प्रताप सिंह,संतोष दुबे, सत्य नारायण पांडेय, कमलेश चौरसिया, ज्ञानचंद चौरसिया, संदीप सोनी, कोमल गोस्वामी, प्रदीप चौरसिया, अंकित झारिया, धर्मेन्द्र गौतम, प्रमोद असाटी, विनोद साहू, जयपाल सिंह, शुशांक चौरसिया, वैभव चौरसिया, सुधा सिंह, प्रिया सिंह,रिंकू मिश्रा, चंद्रेश चौरसिया, अखिलेश नामदेव, राकेश यादव, जगत सिंह, लखन पटेल,लकी विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### पुलिस, जिला पंचायत एवं नगर निगम ने भी हासिल किया ए ग्रेड

## शिकायतों के निराकरण में कटनी एक ग्रेड के साथ टॉप टेन जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी जिला प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में टॉप टेन जिलों में शामिल है। कटनी जिले ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से प्रथम समूह के 28 जिलों में सातवां स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 82.73 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर सातवां स्थान अर्जित किया है।

कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में सातवें स्थाकन पर रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले ने बीते जनवरी माह में प्राप्त कुल 8 हजार 312 शिकायतों में से संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज स्कोर 49.47 है और जिले का कुल वेटेज स्कोर 82.73 एवं ए ग्रेड है।।

उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले करीब 18 माहों से लगातार प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है।

कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को और बेहतर उपलब्धि अर्जित करने के लिए और भी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा जरिया है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

### इनको भी मिला ए ग्रेड

सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को नवमा स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने बीते जनवरी माह में 863 शिकायतों में से 52.14 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को 13वां स्थान मिला है। जिला पंचायत अपने समूह में संतुष्टि पूर्ण शिकायतों को बंद करने के मामले में 49.74वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में तथा नगर निगम ने 7वें स्थान पर रहकर जनवरी माह में प्राप्त 626 शिकायतों का 55.69 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इस प्रकार जहां कटनी पुलिस ने कुल 85.35वेटेज स्कोर हासिल किया है। वहीं जिला पंचायत ने 85.93कुल वेटेज स्कोर और नगर निगम ने 94.35 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में विशेष शिविर का हुआ समापन

## छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां से प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. संजयकांत भारद्वाज एवं श्रीमती रिचा पांडेय के नेतृत्व में हुआ। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्र सेवा, सामाजिक जागरूकता और व्यक्तित्व विकास की भावना को सुदृढ़ करना था।

समापन की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। मुख्य अतिथि के रूप में विजयराघवगढ़ के पूर्व विधायक कुंवर ध्रुव प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं की सक्रिय सहभागिता और शिविर की विविध गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं को सामाजिक कार्यों में निरंतर भागीदारी के लिए प्रेरित किया और शिविर की सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह ने शिविर के दौरान संचालित योग सत्र, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सेवा गतिविधियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करते हैं।

महाविद्यालय की पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन ने एन एस एस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. विमला मिंज ने छात्राओं एवं कार्यक्रम अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं को सशक्त और आत्मविश्वासी बनाते हैं।

शिविर के दौरान छात्राओं ने गांव भ्रमण, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता अभियान, योग अभ्यास और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। अपने अनुभव साझा करते हुए छात्राओं ने बताया कि इस शिविर ने उन्हें टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का अमूल्य पाठ सिखाया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के वरिष्ठ प्राध्यापकगण एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

यह सात दिवसीय विशेष शिविर छात्राओं के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध हुआ, जिसने उन्हें सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



## ट्रेक्टर एवं आटो में हुई भिड़ंत, 5 व्यक्ति घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत कैलवारा में ट्रैक्टर और ऑटो के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में ऑटो में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे स्थानीय ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### लापता नाबालिग को दिल्ली से किया दस्तयाब

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व एसडीओपी श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा श्रीमान अभिषेक चौबे के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक लड़की की दस्तयाबी की गई। पुलिस के अनुसार दिनांक 17.02.26 को ग्राम सास्पुंपुर निवासी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लडकी घर से बिना बताये कही चली गई जो प्राथी की रिपोर्ट पर अपराध कंमाक 100/26 धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर नाबालिक लड़की की तलाश पतासाजी कर दिल्ली से दस्तयाब कर परिजनों के सुपूर्द किया गया है। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, प्र आर मनोज ठाकुर आर. अमित शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

### युवक से धोखाधड़ी, 1 लाख 48 हजार रूपए की चपत

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनी समें एक युवक ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गया। अज्ञात बदमाशों ने युवक के खाते से करीब 1,48,400 रुपये पार कर दिए। पीड़ित आशीष कुमार गोड 30 वर्ष निवासी ग्राम मोहनी ने पुलिस को बताया कि 18 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे से 11:00 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उनसे साथ ऑनलाइन फ्रॉड किया। पीड़ित को काफी देर बाद अहसास हुआ कि उसके बैंक खाते से बड़ी रकम गायब हो चुकी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से ट्रांजैक्शन डिटेल्स और कॉल रिकॉर्ड्स खंगाल रही है ताकि अज्ञात ठगों तक पहुँचा जा सके।

### सुदृढ़ सुरक्षा के उद्देश्य से पुलिस कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कटनी।** जिले में अतिमहत्वपूर्ण एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रवास के दौरान उनकी व्यापक एवं सुदृढ़ सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा 40 पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण एच.एच.एम.डी. एवं डी.एफ.एम.डी. के संचालन संबंधी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जबलपुर बीडीडीएस टीम से एएसआई शंभू सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक अरुण द्विवेदी, प्रधान आरक्षक ललित कुमार एवं आरक्षक आशीष श्रीवास्तव (बीडीएस टीम, पुलिस मुख्यालय) द्वारा विस्तृत तकनीकी जानकारी एवं व्यवहारिक अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि व्हीवीआईपी, वीआईपी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होती। व्हीआईपी के निकट जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अनिवार्य रूप से सघन जांच की जानी चाहिए। डीएफएमडी एवं एचएचएमडी जैसे उपकरण आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग हैं, जिनके माध्यम से संदिग्ध धातु वस्तुओं का पता लगाकर संभावित खतरे को टाला जा सकता है।

### मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए चलाया गया फागिंग अभियान

**कटनी।** मच्छर जनित रोगों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में फॉगिंग एवं कीटनाशक दवा के छिड़काव का अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। मौसमी बीमारियों की आशंका को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता अमले की टीमें चिन्हित रोजाना वार्डों में नियमित रूप से कार्यवाही कर रही हैं। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे घरों एवं आसपास पानी जमा न होने दें, साफ-सफाई बनाए रखें तथा अभियान के दौरान टीमों का सहयोग करें। निगम प्रशासन द्वारा यह कार्यवाही चरणबद्ध रूप से आगे भी जारी रहेगी, जिससे मच्छरों एवं मौसमी बीमारियों के संभावित प्रसार पर नियंत्रण लगाकर शहर में स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

### सतत निरीक्षण एवं कार्यवाही नहीं होने से बेरोकटोक चल रहा कारोबार

# खुले में बिक रही खाद्य सामग्री कहीं मिलावटी तो नहीं, बना न दें बीमार!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल चल रहा है। इस बात का खुलासा प्रशासन स्तर पर व्यवसायियों पर की गई जुर्माना कार्यवाही से भी उजागर हो चुका है। मसालों से लेकर तेल, दूध, मिष्ठान सामग्री में मिलावट कर लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। नियमित कार्यवाही नहीं होने से मिलावट का कारोबार पूरी तरह से बंद नहीं हो पा रहा है। तीज त्यौहारों के समय खाद्य विभाग की टीम जांच कर सेम्पल लेने की कार्यवाही करती है इसके बाद जांच अभियान ठंडा पड़ जाता है। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने में भी महीनों का समय लग जाता है।

#### शुद्धता की नहीं प्रमाणिकता

स्थानीय प्रशासन द्वारा मिलावटखोरी पर सख्त कार्रवाई नहीं करने के कारण मिलावट का बढ़ रहा है। थोड़े से लालच में कारोबारी बेखौफ तरीके से खाद्य सामग्रियों में मिलावट करके जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ करते हैं। रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले खाने के तेल से लेकर मसाले, दूध, नकली घी, दाल, बेसन, चायपत्ती सहित अनेकों खाद्य सामग्रियों की कोई शुद्ध होने की प्रमाणिकता नहीं है। खाद्य विभाग व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कभी कभार ही कार्रवाई करते। सतत निरीक्षण के अभाव में मिलावटखोरों में इनका डर है। इसके कारण आम जनता को मिलावटी खाद्य सामग्री का उपयोग करना पड़ रहा है। इन नकली और मिलावटी सामग्री से बनने वाले सामान भी खुले आम बेचे जा रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित होते हैं।

डिब्बाबंद प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, बोतलबंद कोल्ड ड्रिक और ब्रांडेड-नान ब्रांडेड फास्ट फूड लोकप्रिय होने के साथ-साथ हमेशा विवादों में रहा है। कोल्ड ड्रिक में पेस्टीसाइड्स पर विवाद रहा। नूडल्स बनाने-बेचने वाली कंपनी के उत्पाद में जरूरत से ज्यादा शीशा और मोनोसोडियम ग्लूटामेट पाए जाने का मामला सामने आया था। इससे उपभोक्ताओं का विश्वास तैयार खाद्य आइटमों से उठ-सा गया। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तय करने वाली व्यवस्था की स्थिति का अंदाजा भी हर किसी को होने लगा। खुले में बिक्री के लिए उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मापने के लिए पर्याप्त कानून तो है लेकिन इसे गंभीरता से पालन नहीं किया जाता।

#### खुले में बेचे जा रहे मसाले

शहर में अनेक स्थानों पर खाद्य मसाले खुले आम बिक रहे हैं। मिर्ची, हरा धना, हल्दी सहित अन्य मसालों में केमिकल युक्त रंगों का उपयोग किया जा रहा है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक है। वहीं मिलावटी दूध, नकली घी, तेल, बटरा मिक्स बेसन का कारोबार कम होने के बजाय दिनों दिन बढ़ रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खाद्य पदार्थों में मिलावट की जाती है जिससे मुनाफा अधिक होता है। व्यापारी सस्ते पदार्थों को मिलाकर उत्पाद की लागत घटा देते हैं और उसे ऊंचे दामों पर बेचते उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी और मिलावट के प्रभावों के बारे में जानकारी का अभाव भी महत्वपूर्ण कारण है।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सोमवार 23 फरवरी को संकल्पक से समाधान अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्ता आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित किया जाएगा। 23 फरवरी को नगर निगम क्षेत्र में संकल्पर से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 10 जयप्रकाश वार्ड, वार्ड नं 11 जगमोहन दास वार्ड, वार्ड नं 12 वीर सावरकर वार्ड, वार्ड नं 6 चन्द्ररशेखर आजाद वार्ड, वार्ड नं 7 गणेश प्रसाद मसूरहा वार्ड, वार्ड नं 8 जालपा देवी वार्ड, वार्ड नं 9 महात्माद गांधी वार्ड के लोगों के लिए जोन क्रमांक दो विश्वनाथ बाल मंदिर जालपा देवी वार्ड में शिविर आयोजन किया गया है।

23 फरवरी को विकासखंड विजयराघवगढ़ में संकल्प् से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 7 महात्माद गांधी वार्ड, वार्ड नं 8 डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड, वार्ड नं 9 भगत सिंह वार्ड के लागों के लिए बलराज सिंह ठाकुर के घर के पास वार्ड क्रमांक 9 में शिविर आयोजन किया गया है।

इसी दिन 23 फरवरी को विकासखंड कैमोर में संकल्पस से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 7 बरापर वार्ड के लोगों के लिए शिविर आंगनवाड़ी केंद्र इंदिरा नगर कैमोर में आयोजित किया गया है। इसके अलावा 23 फरवरी को विकासखंड बरही में संकल्पस से समाधान के तहत आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 6 जवाहरलाल नेहरू वार्ड, वार्ड नं 7 शहीद भगत सिंह वार्ड के लागों के लिए शिविर सराफा मार्केट बरही में आयोजित किया गया है।

23 फरवरी को विकासखंड बड़वारा के ग्रामपंचायत बड़वारा में आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम कुआँ, करेला, खितौली, जगुवा, बम्हौरारी, बरन, महगवॉ, बरमानी, सुतरी, सलैया, सिहोरा, हदरहटा, हर्रवाह ग्रामों के लोगों के लिए शिविर का ग्राम पंचायत बरनमहगवां में आयोजित किया गया है। 23 फरवरी को जनपद पंचायत कटनी में संकल्पं से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम कछगवा, गैतरा, गंनियारी, गुलवारा, देवरीटोला, पड़वा, पिपरौध, लखापतेरी के ग्रामों के लिए शिविर देवरीटोला में आयोजित किया गया है।

इसी दिन विकासखंड ढीमरखेड़ा में ग्राम अतरिया, कटरिया, खमतरा, देवरी, मरवारी, पहरूआ, बिचुवा ग्राम के लोगों के लिए शिविर ग्राम पंचायत खमतरा में आयोजित किया गया है।

## उच्च स्तर तक पहुंची वित्तीय अनियमिताओं एवं गड़बड़ियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत मुरवारी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं और वित्तीय गड़बड़ियों का मामला अब उच्च स्तर तक पहुंच गया है। शिकायतों की विस्तृत जांच के बाद जिला पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संपूर्ण प्रतिवेदन अपर संचालक, पंचायत राज संचालनालय मप्र को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया है। इस घटनाक्रम के बाद पंचायत स्तर पर जवाबदेही और पारदर्शिता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

मामले की शुरुआत पीजी सीपी ग्राम पोर्टल पर दर्ज दो शिकायतों से हुई। शिकायतकर्ता राजेंद्र प्रसाद पाठक द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2025 तथा दिनांक 10 अक्टूबर 2025 के माध्यम से ग्राम पंचायत मुरवारी के विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप था कि पंचायत में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत राशि का उपयोग नियमों के अनुरूप नहीं किया गया तथा कुछ मामलों में पक्षपातपूर्ण ढंग से कार्य आवंटित किए गए। भोपाल स्तर से प्राप्त पत्र दिनांक 28 अगस्त 2025 एवं 28 अक्टूबर 2025 के संदर्भ में जिला पंचायत कटनी द्वारा दिनांक 17 नवंबर 2025 जारी कर विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात संबंधित अधिकारियों द्वारा अभिलेखों का परीक्षण, भुगतान विवरण की समीक्षा तथा संबंधित पक्षों से जानकारी प्राप्त कर जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया।

जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कुछ विकास कार्यों में व्यय की गई राशि का अप्रत्यक्ष लाभ साईं ट्रेडर्स नामक फर्म को पहुंचा। प्रतिवेदन में उल्लेख है कि उक्त फर्म के संचालक निशांत कुमार लोधी हैं, जो सरपंच अजय पटेल लोधी के पुत्र बताए गए हैं। यदि यह तथ्य अंतिम रूप से स्थापित होता है तो इसे हितों के टकराव तथा पद के दुरुपयोग की श्रेणी में देखा जा सकता है। शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में पारिवारिक लाभ पहुंचाना पंचायत राज व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत माना जाता है। जांच में सामग्री भंडार क्रय प्रक्रिया को लेकर भी गंभीर आपत्तियां दर्ज की गई हैं। मजदूरी भुगतान के संबंध में भी जांच में अनियमितता सामने आई है। प्रतिवेदन के अनुसार कुछ मामलों में मजदूरों के खातों में सीधे भुगतान करने के बजाय अन्य खातों में राशि अंतरित किए जाने की पुष्टि हुई है। शासन द्वारा श्रमिक भुगतान में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की व्यवस्था पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है, ऐसे में इस प्रकार की गड़बड़ी को गंभीर माना गया है।

#### कार्यवाही प्रक्रिया प्रारंभ

जांच प्रतिवेदन में बिंदु क्रमांक 2 एवं 5 को प्रमाणित पाया गया है, जबकि भंडार क्रय नियमों के उल्लंघन संबंधी बिंदुओं को भी गंभीर अनियमितता की श्रेणी में रखा गया है। जिला पंचायत कटनी के सीईओ द्वारा अपर संचालक पंचायत राज संचालनालय मप्र को भेजे गए पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि शिकायतों की जांच उपरांत सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा विस्तृत प्रतिवेदन आगामी आवश्यक निर्णय हेतु प्रस्तुत है।

## आंगनबाड़ी के बच्चों को ड्रेस का किया वितरण



बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सदैव समाज सेवा के क्षेत्र में पहल करते हुए प्री स्कूल- पोषण एवं शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मदारीटोला (बड़वारा) ददरी टोला (विलायतकला) जोबीकला कटनी एवं मगरधा (रीठी) में अध्यनरत 100 बच्चों को ड्रेस का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष आर एल चौधरी एवं उनकी टीम द्वारा बच्चों को टी-शर्ट जैकेट जूते एवं मोजे प्रदान किए गए जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गये। अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया किस प्रकार के प्रयासों से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगीता बर्मन राजेश कुमार चौधरी रविकांत राय कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी माया गुप्ता राधा विश्वकर्मा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिलाबेन साधना बर्मन सहित अन्य लोगों की गरमामई उपस्थित रे सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो।

## दो पक्ष आपस में टकराये तो कहीं घर में घुसकर मारपीट एवं तोड़फोड़ की गई

**जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में हुई मारपीट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की कई घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार एन.के.जे. थाना अंतर्गत नाकरा गली में घर में घुसकर मारपीट की घटना हुई। प्रार्थिया क्षमा चक्रवर्ती ने शिकायत दर्ज कराई है कि रवि विश्वकर्मा, मनु तिवारी और उनके अन्य साथियों ने एक राय होकर उनके घर में घुसकर गाली-गलौज की। आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया और मारपीट कर घर में नुकसान पहुँचाया। पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस और SC/ST एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में यूनियन बैंक (बरगवां) के सामने दो अलग-अलग मारपीट की घटनाएं हुईं, जो आपस में जुड़ी बताई जा रही हैं। पहले मामले में प्रशांत उर्फ हनी दुबे ने शक्ति सोनी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी की शिकायत दर्ज कराई। दूसरे पक्ष से शक्ति सोनी ने प्रशांत उर्फ हनी दुबे के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर धारा 296बी, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बहोरीबंद थाना के ग्राम ग्राम डिहुटा में पंचायत कार्यालय के पास रहीस खान और शेख खलील के बीच विवाद हुआ। गाली-गलौज और धमकी देने के मामले में पुलिस ने धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। वहीं ढीमरखेड़ा थाना के ग्राम भलवारा में 55 वर्षीय जगदीश सिंह ने शैलेंद्र सिंह के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम चरी में 65 वर्षीय बुजुर्ग अट्टी कोल के साथ भूरा कोल द्वारा मारपीट की गई। घटना चरी तालाब के पास हुई, जहाँ आरोपी ने बुजुर्ग को गंदी गालियाँ दीं और चोट पहुँचाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

## एआई की मदद से प्राचीन ग्रंथों एवं ज्ञान को संरक्षित करने पर विश्व नेता भी प्रभावित

**जिले के 1200 से अधिक बूथों पर सुनी गई मन की बात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 131वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए एआई, अंगदान, आस्था और सेवा जैसे विविध विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का प्रसारण जिले में उत्साहपूर्वक सुना गया। कटनी में 1200 से अधिक बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने सामूहिक रूप से श्रवण किया।



भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपने निवास पर परिवारजनों के साथ कार्यक्रम सुना। मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे, बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी तथा निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने अलग-अलग स्थानों पर 'मन की बात' में सहभागिता की। मंडलों में मंडल अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों ने भी बूथ स्तर पर कार्यक्रमों में भाग लेकर प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'इंडिया एआई इंपैक्ट' शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सम्मेलन विश्व के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि विश्व के नेता इस बात से प्रभावित हुए कि भारत एआई की मदद से प्राचीन ग्रंथों एवं ज्ञान को संरक्षित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एआई के माध्यम से पशुओं के उपचार तथा किसानों को 24 घंटे सहायता उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसने वैश्विक स्तर पर भारत की तकनीकी क्षमता को प्रदर्शित किया है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश अब गुलामी के प्रतीकों को पीछे छोड़कर भारतीय संस्कृति और विरासत को सम्मान दे रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में 'राजाजी उत्सव' मनाया जाएगा, जो भारतीय परंपराओं और मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने छात्रों और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की तथा देशभर में हो रहे प्रेरणादायक कार्यों का उल्लेख किया।

### सफलता से प्रेरित होकर और महिलाएं भी जुड़ी, परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुधरी

## "हरित होली" ने संतकुमारी को बनाया आत्मनिर्भर 'लखपति दीदी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मिशन के माध्यम से महिलाओं को उनकी रुचि, क्षमता और स्थानीय संसाधनों के अनुरूप प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग प्रदान कर आयवर्धक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसी प्रयास का सशक्त उदाहरण हैं जनपद पंचायत कटनी के ग्राम मतवारी (ग्राम पंचायत देवरीटोला) की संतकुमारी विश्वकर्मा, जिन्होंने संघर्ष से सफलता तक का प्रेरणादायक सफर तय किया है।



समूह से जुड़ने से पहले संतकुमारी की मासिक आय मात्र 6 से 6.5 हजार रुपये थी। खेती ही आय का मुख्य साधन था, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण उत्पादन कम होता था। आकस्मिक जरूरतों के लिए साहूकारों से ऊँची ब्याज दर पर ऋण लेना पड़ता था, जिससे आर्थिक दबाव बना रहता था।

परिस्थितियाँ तब बदलीं जब संतकुमारी ने 13 महिलाओं को साथ लेकर "जय स्व-सहायता समूह" का गठन किया और उसकी अध्यक्ष बनीं। सभी सदस्यों ने प्रति सप्ताह 10 रुपये की नियमित बचत शुरू की।

प्रथम सीसीएल के माध्यम से समूह को 30 हजार रुपये प्राप्त हुए, जिससे उन्नत कृषि यंत्र और आधुनिक उपकरण खरीदे गए। मिशन द्वारा प्रदान किए गए कृषि प्रशिक्षण से उन्नत तकनीकों को अपनाया गया और खेती में उल्लेखनीय सुधार हुआ। समय पर ऋण चुकाने के बाद द्वितीय बैंक लिंकेज से 40 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिससे अतिरिक्त कृषि संसाधन जोड़े गए। परिणामस्वरूप उत्पादन बढ़ा और आय में निरंतर वृद्धि हुई।आज संतकुमारी की मासिक आय 14 से 20 हजार रुपये तक पहुँच चुकी है—जो आत्मनिर्भरता की मजबूत पहचान है।

आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए संतकुमारी और उनका समूह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई पहल कर रहा है। समूह द्वारा गोबर से निर्मित सामग्री में उपले,पूजा माला,गुलरी एवं अन्य पूजन सामग्री शामिल है। ये सभी उत्पाद पूर्णतः प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल हैं।इन उत्पादों का विक्रय जनपद, जिला एवं राज्य स्तर के त्यौहारी मेलों में किया जाएगा। इससे दोहरा लाभ होगा।इससे समूह की आय में वृद्धि होगी। प्रदूषण में कमी और "हरित होली" का संदेश संतकुमारी कहती हैं, "त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का अवसर भी है।"

संतकुमारी की सफलता से प्रेरित होकर ग्राम की अन्य महिलाएँ भी स्वयं सहायता समूहों से जुड़ रही हैं। मिशन टीम द्वारा ग्राम भ्रमण के दौरान उनकी पहल की सराहना की गई।जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने कहा कि मिशन का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। संतकुमारी और उनका समूह इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उनका लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाना है।

संतकुमारी विश्वकर्मा की कहानी बताती है कि सही मार्गदर्शन, सामूहिक प्रयास और आत्मविश्वास के साथ ग्रामीण महिलाएँ न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकती हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय में भी अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं।



## नशा मुक्ति और साइबर अपराध से बचने किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

मां वीरासन देवी मंदिर दरबार में चल रहे सिलौंडी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय के कैंप के पांच दिवस सिलौंडी चौकी प्रभारी अनिल पांडे ने छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति और साइबर अपराध के बारे में जानकारी प्रदान किया है ।छात्र छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करते हुए अपने कैरियर बनाने पर ध्यान देने की बात किया ।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान भाजपा मंडल सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन, कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद बागरी , प्राचार्य डॉक्टर रति राम अहिरवार ,डॉक्टर हेमंत चौरसिया,आरक्षक राम सेवक विश्वकर्मा, डायल 112पायलट शेर सिंह छात्र छात्राओं की उपस्थित रही ।

खास बातें

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी वार्ड नंबर 10 की सीसी सड़क, घटिया निर्माण से आक्रोश

**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं ठेकेदार की मिलीभगत से 17 लाख की सीसी सड़क निर्माण में हुआ बन्दरबांट**

**गुनौर।** नगर के वार्ड नंबर 10 स्थित जैन मोहल्ला में हाल ही में पूर्ण हुआ सीसी रोड निर्माण भ्रष्टाचार और लापरवाही का जीवंत उदाहरण बन गया है। आरोप है कि ठेकेदार और आर.ई.एस. विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से सत्ता के संरक्षण में मानकों को ताक पर रखकर कार्य कराया गया है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। अत्यधिक गिट्टी का उपयोगरू सड़क निर्माण में 40उउ गिट्टी का उपयोग निर्धारित मात्रा से कहीं अधिक किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमेंट कंक्रीट जहां 8 इंच (20सेमी) होनी चाहिए थी वहीं यह मात्र चार से पांच इंच ही की गई है चौड़ाई भी तय मानकों पर नहीं की गई है कंक्रीट परत पतली रखने के लिए बेस में गिट्टी भर दी गई, जिससे सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। मानकों का उल्लंघनरू जैन मंदिर जैसे संवेदनशील और व्यस्त क्षेत्र के पास सड़क की मोटाई मात्र 3 से 4 इंच ही रखी गई है। तकनीकी मानकों के अनुसार, 17 लाख की लागत से बनने बाली ऐसी सड़कों की मोटाई इससे कहीं अधिक होनी चाहिए ताकि वे लंबे समय तक टिक सकें। जलभराव की समस्यारू सड़क के लेवलिंग में भारी त्रुटि के कारण निर्माण के तुरंत बाद ही जगह-जगह पानी भराव की स्थिति बन गई है। निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बारिश के समय मोहल्ले वासियों की मुश्किलें और बढ़ना तय है।.षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से इस पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने की अपील की है। मांग की गई है कि सीसी रोड की कोर कटिंग करा कर जांच की जानी चाहिए दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए और सड़क का पुनरू मानकानुसार निर्माण कराया जाए।

हटा विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलता पूर्वक संपन्न

# हटा विधानसभा की वोटर लिस्ट से हटे 2,799 मतदाताओं के नाम

**अंतिम सूची में 2 लाख 48 हजार 619 मतदाता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विगत कुछ दिनों से युद्ध स्तर पर चल रहे एसआईआर आर सर्वे में विगत 21 फरवरी शनिवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होते ही इस अभियान का समापन हो गया है। शनिवार को जो अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई है उसमें पुरानी मतदाता सूची से मिलान करने पर हटा विधानसभा में 2 हजार 7 सौ 99 वोटर्स के नाम मतदाता सूची काटे गए हैं। मतदाता सूची का प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने नाम होने की पुष्टि सूची का अवलोकन कर की। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार 21 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना था, जिस क्रम में शनिवार को जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र के साथ हटा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों की सूची का निर्वाचन कार्यालय दमोह में कलेक्टर सुधीर कोचर की देखरेख में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। एसआईआर अंतर्गत फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों पर कर दिया गया है, जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर फोटोयुक्त मतदाता सूची चस्पा कर दी गई। अपडेट हुई सूची में अब हटा विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 48 हजार 619 हो गई है। वही 23 दिसंबर 2025 को जब मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था तब 2 लाख 45 हजार 820 मतदाता थे, इस प्रकार 2 हजार 7 सौ 99 मतदाता घट गए हैं। जिसमें अब कुल मतदाताओं में से एक लाख 29 हजार 887 मतदाता पुरुष एवं एक लाख 18 हजार 732 महिला मतदाता है वहीं 18 से 19 वर्ष की आयु के 4 हजार 623 नए मतदाता है। जबकि एस आई आर के पहले हटा विधानसभा में 2 लाख 52 हजार 17 कुल मतदाता थे। एसडीएम राकेश मरकाम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हटा विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के सहयोग के साथ बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। निर्बाध रूप से एसआईआर का कार्य किया गया हैं। इसके बाद सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची का पूरी तरह से डिजिटलीकरण किया गया। इतना ही नहीं 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा भी प्रपत्र संख्या-6 भरकर भविष्य में प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। भविष्य में समय-समय पर होने वाले आवश्यक संशोधनों के अनुसार, नागरिक प्रपत्र संख्या 6, 7 और 8 भी भर सकेंगे।

25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

# सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देवभूमि स्कूल परिसर में पतंजलि योगपीठ के मार्गदर्शन में योग शिविर का आयोजन किया गया सहयोग प्रशिक्षण शिविर 22 फरवरी से प्रारंभ होकर 18 मार्च तक 25 दिवसीय प्रशिक्षण सहयोग शिक्षक का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य योग शिक्षक प्रमाण पत्र के लिए आगामी माहों में हरिद्वार प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। पटेरा के समस्त पतंजलि कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की उपस्थिति में मां भारती की दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाल पहनाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। समस्त उपस्थित पदाधिकारी गणमान्य नागरिकों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। इसके उपरांत समिति के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार परोहा द्वारा योग साधकों को वार्म-अप योगीक जॉगिंग भस्त्रिका, कपालभाति वाह्या प्राणायाम अग्निसार, उज्जाई प्राणायाम,कर्ण पीड़ंतक, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीथ और प्रणव का ध्यान मांडूकआसन, अर्ध चंद्रासन उष्ट्रासन, हास्यासन एवं एक्यूप्रेशर से होने वाले लाभों को बताया शांति पाठ के साथ प्रथम दिवस का समापन किया गया। योग कराते हुए योग से होने वाले फायदे के बारे में बिंदु बार जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थिती निम्नानुसार राम जी सोनी जी भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी, अनुराग शुक्ला तहसील प्रभारी,अतुल सिंघई जिला संस्कृत प्रभारी, बालकिशन,अशोक पाठक जिला योग प्रभारी, नीरज जैन योग प्रशिक्षक, संतोष पांडे तहसील प्रभारी पटेरा, दीपक ताम्रकार, राम किशोर दुबे तहसील योग प्रभारी हटा , सुरेश सोनी पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी हटा , बालाराम मुख्य योग प्रशिक्षक ,लवकेश पटेल देवभूमि पब्लिक स्कूल प्रबंधक ,मंगल सिंह राजपूत,निरंन सिंह, खिलान सिंह राजपूत, सौरभ ताम्रकार एवं समस्त पतंजलि परिवार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राजेश नेमा ने पटेरा तहसील वासियों से सहयोग शिक्षक प्रशिक्षक बनकर गांव-गांव में योग जन-जन में योग के लिए प्रशिक्षण लेने का आव्हान किया।

## मां गायत्री टीम विजेता बनी



**हिंडोरिया।** स्थानीय राधे गोविंद की बगिया के मैदान में चल रही अंडर - 19 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मां गायत्री क्रिकेट क्लब ने आजाद परिंदा क्लब को 80 रनो से हरा कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। फाईनल मुकाबले मे टॉस जीतकर मां गायत्री क्रिकेट क्लब हिंडोरिया ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 120 रन बनाए। जवाब में आजाद परिंदा की टीम मात्र 40 रनों पर ऑल आउट हो गई। मां गायत्री टीम के कृष्णा नामदेव अमित ठाकुर ने 3-3 विकेट कमलेश ठाकुर एवं प्रेम ठाकुर ने 2-2 विकेट लिये। बल्लेबाजी में कृष्णा नामदेव ने 35 रन, प्रेम ठाकुर ने 50 रन एवं कमलेश ठाकुर ने 25 रन की शानदार पारी खेली । मैच मे अंपायर मोहित अठया- अशुतोष वर्मा रहे। अंत मे विजेता टीम को अतिथि गोलू नेमा के करकमलों से 2100 की राशि, उपविजेता टीम को 1600 रुपए की राशी के साथ ही स्टम्प-गेंद बल्ला भी प्रदान किए गए। इस मौके पर भारी खेल प्रेमी उपस्थित रहे। जीत के बाद विजेता टीम के समर्थकों ने पूरे नगर मे आतिशबाजी एवं बैडंबाजे के साथ नाचते गाते रंग गुलाल उड़ाते हुये विजयी जुलूस निकाला गया।

## प्रभात फेरी कीर्तन का प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर हुआ आयोजन, कौमी एकता की दिखी मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम फुटेरा कला में दोपहर लगभग 1:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक श्री सीताराम विशाल प्रभात फेरी कीर्तन प्रथम वर्ष पाठ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। पूरा गांव भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में फुटेरा नगर सहित आसपास से करीब 110 मंडलियां शामिल हुईं। गांव की हर गली, मोहल्ले और चौराहे पर पहुंची मंडलियों का ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाओं और जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान चंडी माता मंदिर परिसर में विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गांव की माताओं, बहनों और नन्हे-मुन्ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी सफल और आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम समाज ने भी कौमी एकता की मिसाल पेश की। अंजुमन एवं हुसैनी नौजवान कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सभी मंडलियों का तहे दिल से गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल और स्वागत किया, जिसकी सर्वत्र सराहना हुई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। मंत्री लखन पटेल विशेष रूप से शामिल हुए और आयोजन की सराहना की। साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में शासन-प्रशासन का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक आयोजन गांव में भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं। पूरे दिन चले इस भव्य कार्यक्रम का समापन श्रद्धा, उल्लास और आपसी सौहार्द के माहौल में हुआ।

## महगुवां में गूंजे जयकारे, धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**बनवार।** महगुवां में चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा व्यास पं. सचेन्द्र मिश्रा शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार की दिव्य कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि द्वापर युग में कंस के अत्याचारों से पृथ्वी त्रस्त हो उठी थी। आकाशवाणी से मिली भविष्यवाणी के अनुसार देवकी का आठवां पुत्र ही कंस का वध करेगा। भयभीत कंस ने देवकी और वासुदेव को कारागार में डाल दिया और उनके पूर्व जन्मे बच्चों की हत्या कर दी। शास्त्री जी ने बताया कि जैसे ही भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लिया, कारागार के ताले स्वतः खुल गए और पहरेदार गहरी निद्रा में सो गए। वासुदेव जी शिशु कृष्ण को लेकर यमुना पार गोकुल पहुंचे और उन्हें नंद बाबा व यशोदा मैया को सौंप दिया। जन्म की शुभ बेला पर पंडाल "हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन पर झूमते नजर आए। आयोजन के मुख्य यजमान पानबाई लोधी एवं सरपंच मूरत सिंह लोधी ने विधिवत आरती कर प्रसाद वितरण किया। पूरा ग्राम भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर दिखाई दिया।

## 72 उच्च जोखिम हितग्राहियों की हुई एक्सरे स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार आठ्या के मार्गदर्शन में कुचबंदिया बस्ती रामगंज, पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास जबलपुर नाका, दमोह मैं टीवी स्क्रीनिंग एवं निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ गौरव जैन, डी टी ओ, दीपक सिंह राजपूत, डी पी सी चेतन अग्रवाल, एस टी एस दमोह, लॉरेंस राय बोले, पिरामल हेल्थ टीम लीडर दमोह, प्रतिमा स्टील, रेडियोग्राफर, मानक लाल रैकवार, जिला क्षय केंद्र दमोह, आरती चौरसिया राष्ट्रीय सेवा का समिति विभाग सेवा प्रमुख, सुनीता लोधी नगर तरुणी प्रमुख, घुमंतू कार्यकर्ता अखिलेश, नरेश वर्मा, नंदिनी कुचबंदिया, अभ्यासीका केंद्र संचालिका, वेद दुबे, रमाकांत बाजपेई जी, पवन तिवारी, जिला संयोजक इंद्र कुमार, प्रांत टोली सदस्य अरविंद जी एवं सुशील कुमार नामदेव जिला समन्वयक इस कार्यक्रम में उपस्थिति रहे। घुमंतू बस्ती के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन के द्वारा 72 उच्च जोखिम हितग्राहियों के चेस्ट एक्स-रे एवं 22 शंकालु क्षय रोगियों के स्पुटम कलेक्ट किए गए और यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सामूहिक बड़ादेव सुमरनी कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा के समीपस्थ ग्राम ता वरी मै आदिवासी समाज का सामूहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ, यह कार्यक्रम जबेरा जनपद क्षेत्र के ग्राम तावरी में आदिवासी समाज द्वारा सामूहिक बड़ादेव सुमरनी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से आदिवासी समाज के बहनों-भाइयों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राधेश्याम ककोड़िया (राष्ट्रीय प्रवक्ता, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी) उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डेलन सिंह (पूर्व जिला अध्यक्ष, गोंडवाना पार्टी), चमन सिंह, प्रदीप मरकाम (जिला अध्यक्ष, गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन दमोह), जय सिंह कडोपा (ब्लॉक अध्यक्ष, गोंड समाज महासभा), डॉ. प्रताप टेकाम (अध्यक्ष, विकास परिषद दमोह) विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और बड़ादेव की आस्था को समाज की एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने समाज को संगठित रहकर शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बड़ादेव सुमरनी की गई तथा समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव का प्रदर्शन हुआ। आयोजन शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# संत गाडगे जयंती आजः संत श्री गाडगे जी महाराज ने लोगों को शिक्षा और स्वच्छता के प्रति किया था जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

23 फरवरी को संत श्री गाडगे जी महाराज की 150 वीं जयंती सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम कर धूमधाम से पूरे जिले में मनाई जाएगी। संत गाडगे समाज के प्रति सदैव आजीवन समर्पित रहे। उन्होंने अपने जीवन में अनाथलायक, विद्यालय, चिकित्सालय आदि की स्थापना करते देशवासियों को शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। आज की युवा पीढ़ी को उनसे सीख लेनी चाहिए। उनके विचारों में बच्चों को शिक्षित बनाने की प्रेरणा थी। रजक समाज के लोगों का कहना है कि संत गाडगे बाबा के जीवन का एकमात्र ध्येय था-लोक सेवा। दीन-दुखियों तथा उपेक्षितों की सेवा को ही वे ईश्वर भक्ति मानते थे। उनका विश्वास था कि ईश्वर दरिद्र नारायण के रूप में मानव समाज में विद्यमान है। मनुष्य को चाहिए कि वह इस भगवान को पहचाने और उसकी तन-मन-धन से सेवा करें। भूखों को भोजन, प्यासे को पानी, अनपढ़ को शिक्षा, बेकार को काम, निराश को ढाढस और मूक जीवों को अभय प्रदान करना ही भगवान की सच्ची सेवा है। संतश्री के जीवन से सभी को सीख लेनी चाहिए और मानव सेवा करना चाहिए वहीं जिले के बांदकपुर सहित पूरे देशभर में आज गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

राकेश रजक कहते हैं कि शिक्षा ही समाज का दर्पण होता है जो समुदाय शिक्षित होता है, उसका विकास तेजी से होता है हर माता-पिता को भी अपने बच्चों को शिक्षा से जोडना चाहिए इससे परिवार का उत्थान होगा अभी भी बहुत कई समाज में अशिक्षा है जिससे वह विकास की धारा से दूर है रजक समाज को संतश्री के बताए मार्ग पर चलकर समाज का विकास करना होगा अपने बच्चों को शिक्षा देकर उन्हें देश के विकास में भागीदारी का हिस्सा बनाना होगा। - राकेश रजक तेन्दूखेड़ा



भागीरथ रजक कहते हैं कि राष्ट्रसंत श्री गाडगे महाराज एक समाज के न होकर समस्त मानव जाति के गुरु हैं उनके बताए रास्तों पर चल कर सभी का कल्याण होता है गाडगे जी महाराज ने कहा था कि संगठित रहो संघर्ष करो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दो और मानव सेवा सदभावना से अपना कार्य करते रहो नशामुक्त जीवनयापन करो।
भागीरथ रजक, अध्यक्ष रजक समाज तेन्दूखेड़ा



रामलाल प्रणाम कहते हैं कि राष्ट्रसंत गाडगे बाबा स्वच्छता अभियान के जनक होने के साथ ही महान समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक कुरीतियों अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया है शिक्षा के प्रति जन जागरूकता भी उनके मुहिम का हिस्सा थी संत गाडगे बाबा का मुख्य उद्देश्य था कि भले ही घर का बर्तन बिक जाए, रोटी हाथ में लेकर खाना पड़े लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाए।
- रामलाल प्रणाम संस्थापक एवं अध्यक्ष



भरत रजक कहते हैं कि आधुनिक भारत के जिन महापुरुषों पर गर्व होना चाहिए उनमें से राष्ट्रीय संत श्री गाडगे बाबा का नाम सर्वोपरि है यदि ऐसा कहा जाये तो कोई गलत नहीं होगा मानवता के सच्चे पुजारी सामाजिक समरसता के घोतक निष्काम कर्मयोगी यदि किसी को माना जाए तो वह संत थे संत गाडगे बाबा वास्तव में गाडगे बाबा के जीवन से उनके कार्यों से तथा उनके विचारों से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं हम समाज और राष्ट्र को काफी कुछ दे सकते हैं भरत ने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए।
भरत रजक युवा तेन्दूखेड़ा



सोनू रजक रजक ने कहा कि संत गाडगे बाबा ने अपने संदेश में कहा था कि बेकार को रोजगार प्यासे को पानी भूखे को रोटी बेघरों को मकान अंधे लंगड़े। की सहायता पशु पक्षियों एवं मूक प्राणियों की सेवा ही सच्चा धर्म है समस्त रजक समाज के लोगों को एकजुट होकर समाज के विकास के लिए आगे बढ़ना चाहिए वहीं समाज में फैली कुप्रथाओं को दूर करें साथ ही हर रजक समाज की युवा साथियों को एकजुट होकर समाज के प्रति जागरूक होना चाहिए और समाज से जुड़ी बातों पर ध्यान देना चाहिए।
सोनू रजक युवा



अमित रजक कहते हैं कि राष्ट संत श्री गाडगे समाज के महापुरुष के साथ संविधान निमार्ता आंबेडकर के राजनैतिक गुरु भी है समाज की एकता ही सबसे बड़ी पूंजी है। संत गाडगे शिक्षा और स्वच्छता के नायक थे सबसे पहले हाथ में झाड़ू लेकर और मिट्टी का घड़ा से पानी पीकर लोगों को संदेश दिया था। उन्होंने अंधविश्वास जैसी समाज की कुरीतियों को खत्म करने को लेकर लगातार देश के कोने-कोने में समाज सुधार का प्रयास किया था। हम सभी को बाबा के बताए मार्ग पर चलना होगा।
अमित रजक युवा



# राज्य मिलेट मिशन के तहत हुआ ब्रांडिंग गैलरी उत्पादन कार्यक्रम

**कोदो कुटकी एवं मक्का फसलों के बताए लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा के स मीपस्थ ग्राम भिनेनी में कृषि विभाग एवं मानव जीवन विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में मध्य प्रदेश राज्य मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत ब्रांडिंग गैलरी उत्पादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, कृषि अधिकारियों, एवं किसानों की उपस्थिति रही उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिता भाव सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जबेरा भाजपा अध्यक्ष बंटी दुबे ग्राम पंचायत सरपंच राजेश सिंह ,विनोद मलैया, सेवा निवृत कृषि विस्तार अधिकारी श्री के एल चौरसिया, कृषि विभाग के एसडीओ नरेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे संस्था की ओर से ब्लॉक समन्वय घनश्याम प्रसाद, राकेश विश्वकर्मा, परियोजना समन्वयक नरेश खटीक कार्यकर्ता चरण सिंह, अनिल सिंह ,हरि बाई एवं अर्चना प्रमुख रूप से उपस्थित रही। ब्लॉक समन्वयक घनश्याम प्रसाद ने कहा कि अन्न यानी कोदो, कुटकी ,रागी ,ज्वार बाजरा एवं मक्का जैसी फसलों के किसानों को लाभ बताये। उन्होंने कहा कि मिले ट्स पोषण से भरपूर होती हैं एवं कम पानी में तथा कम लागत में तैयार हो जाती हैं। बदलते जलवायु, परिदृश्य में जब किसान अपनी आए बढ़ाना चाहते हैं तो ऐसी फसलों को लगा करके अपनी आय बढ़ाने काएक सशक्त माध्यम बना सकते हैं । जैविक खेती से घटेगा लागत बढ़ेगा मुनाफा₹ ब्लॉक समन्वयक राकेश कुमार विश्वकर्मा ने किसानों को जैविक खेती के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया तथा उन्होंने बताया कि शून्य लागत खेती को अपनाकर किसान बाजार से महंगी रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर निर्भरता को कम कर सकते हैं। इस फसल में घर पर तैयार की गई केंचुआ खाद ,गोमूत्र एवं स्थानीय वनस्पतियों से बने जैविक घोल न केवल फसल की गुणवत्ता बढ़ाते है बल्कि भूमि की उर्वरता क्षमता को भी सुरक्षित रखते हैं।

खास बातें

## देशव्यापी विशाल रैली धरना प्रदर्शन 25 फरवरी को

**दमोह।** भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने बताया की भारतीय मजदूर संघ के समस्त अनुसांगिक संगठनों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्मेंद्र चौबे, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने की बैठक में ज्ञापन प्रभारी एवं सह ज्ञापन प्रभारी जिले में संख्यात्मक दृष्टि से भव्यता के साथ ज्ञापन धरना प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु संघ की रचना अनुसार कार्य को गति देंगे। भारतीय मजदूर संघ के 21 वे अखिल भारतीय अधिवेशन में तय हुआ था, तदनुसार भारतीय मजदूर संघ इन मांगों की ओर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण करने के लिए पूरे देश में 25 फरवरी को विशाल रैली धरना प्रदर्शन संगठन द्वारा दमोह में आयोजित किया गया है, भारतीय मजदूर संघ के समस्त अनुसांगिक संगठनों की उपस्थिति में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने संख्यात्मक दृष्टि से सहमति एवं भव्यता के साथ 25 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे बेलाताल टापू पर एकत्रीकरण का रैली के रूप में जिलाधीश महोदय को ज्ञापन सोपा जावेगा। अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर देशव्यापी आंदोलन प्रदर्शन को सफल बनाएं।

## वृहद स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**दमोह।** भारत विकास परिषद शाखा दमोह द्वारा ग्राम ककरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ककरा ग्राम के एवं आसपास क्षेत्र के 560 ग्रामीण जनों ने शिविर में आकर पंजीयन करा कर चिकित्सकों को दिखाया शिविर में 52 आयुष्मान कार्ड बनाए गए एवं 300 से अधिक आभा आईडी की ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ की गई। इस शिविर में क्षय रोग परीक्षण शुगर बीपी एवं रक्त जांच की गई कुपोषित बच्चों की जांच एनआरसी के तहत की गई

## दुकानदारों की लाखों की बिक्री पर पक्का बिल नही

**पथरिया।** नगर में बहुत से ऐसे प्रतिष्ठान खुलें है जहां लाखों रूपए की प्रतिदिन बिक्री हो रही पर ग्राहकों को सादे कागज पर पैसे जोड़कर बता दिया बस हो गया किसी भी दुकानदार द्वारा ग्राहकों को पक्का बिल नही दिया जा रहा है। जीएसटी व सेल टैक्स के अधिकारी द्वारा भी कभी कार्यवाही नहीं की जाती जिससे सब अपनी अपनी मनमानी करते रहते या फिर कहें तो सब कुछ मिलीभगत से चल रहा हो मगर जब जब जिलें में कहीं कार्यवाही होती है तो इतना जरूर करते हैं कि उस समय अपनी दुकान बंद कर लेते हैं ताकि अगर कोई अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण करने आ भी जाए तो प्रतिष्ठान बंद देखकर चला जाएगा। टैक्स ग्राहकों से तो लिया जाता है हर दुकानदार द्वारा पर क्या वह ईमानदारी से शासन को अदा कर रहा इसकी भी तो जांच होना चाहिए हर विभाग में निगरानी के लिए अधिकारी नियुक्त हैं पर यहां देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई हो नही।

## रूपेश अग्रवाल को मातृ शोक

**दमोह।** पत्रकार रूपेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल की मम्मी, श्रीकांत



अग्रवाल की भाभी एवं मुरारी लाल अग्रवाल व्यवसायी की पत्नी श्रीमती सरिता अग्रवाल का रविवार की शाम हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हटा नाका मुक्तिधाम में सोमवार दिनांक 23 फरवरी 26 की सुबह 10 बजे किया जाएगा। शव यात्रा उनके निजी निवास नया बाजार नंबर 5 बड़ा पुल के पास से प्रारंभ होगी।

### सागर नाका चौकी पुलिस की लापरवाही, शौच क्रिया के बहाने भागा

# पुलिस अभिरक्षा से आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देहात थाना सागर नाका चौकी पुलिस की अभिरक्षा से चोरी के मामले में पकड़े गए एक आरोपी के फरार हो जाने से हड़कंप के हालात बने हुए हैं। देहात थाना सागर नाका चौकी क्षेत्र के चोरी के एक बहुचर्चित मामले में एक बार फिर पुलिस की लापरवाही सामने आई है। बड़ी मुश्किल से पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी संतोष काछी एक बार फिर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। जिसकी तलाश में अब पुलिस नए सिरे से जुट गई है।




मामले में सीएसपी एच आर पांडे ने बताया कि एडवोकेट श्री गर्ग के चोरी प्रकरण में जय राम काछी नामक आरोपी पहले से जेल में है वहीं उसके पिता संतोष काछी को शनिवार शाम को हिरासत में लिया गया था। रविवार सुबह करीब 4 बजे शौच क्रिया का बहाना करके वह पुलिस कर्मियों को चकमा देकर थाने के पीछे खेत से भाग गया है। जिस पर उसके खिलाफ एक और अपराध धारा 262 वीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। लापरवाही पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय की एडवोकेट श्री गर्ग के यहां हुई चोरी मामले में देहात थाना पुलिस की कार्यवाही पर लगातार सवाल उठते रहे हैं वहीं पूर्व में एक आरोपी की गिरफ्तारी के बावजूद पुलिस द्वारा चोरी का माल बरामद नहीं करने को लेकर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं वहीं जैसे तैसे दूसरे आरोपी के पकड़े जाने के बाद उसके भी फरार हो जाने पर तरह-तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं।

## विधुत विभाग के कर्मचारियों पर हुए हमला के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दमोह।** गढ़ी मोहल्ला क्षेत्र में बिजली कर्मचारियों पर हमला करने मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन में दो महिलाएं भी शामिल है। दिनांक 20.02.2026 को प्रार्थी राजेश बियार पिता प्रेमलाल बियार उम्र 30 साल निवासी नवजीवन बिहार जिला सिंगरौली म.प्र हाल कनिष्ठ अभियंता विधुत विभाग किल्लाई नाका दमोह की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र 152/2026 धारा 132, 121(1), 115(2), 221,296(**b**)192 (2), 351 (3) बीएनएस 3 (1)द, 3 (1)ध, 3(2)**Va sc/st act** के तहत सात आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अति० पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में प्रकरण की विवेचना निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा की गयी। प्रकरण की विवेचना के दौरान दिनांक 22.02.2026 को प्रकरण के आरोपीगण अजीज खान उम्र 40 वर्ष, गुड़िया उर्फ शायरा बानो उम्र 29 वर्ष, श्रीमति चांदवी उल्हक उम्र 45 वर्ष सभी निवासी निवासी गढ़ी मुहल्ला दमोह के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, प्र.आर अभिषेक चौबे, प्र.आर. देवेन्द्र रैकवार, प्र.आर अजित दुबे प्र.आर महेश यादव, आर. नरेन्द्र पटैरिया, आर. ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आर. आकाश पाठक, म.आर साक्षी सांडिल्य, म.आर. विमला राठौर, म.आर नेहा बिल्थरे का सहयोग रहा।

## मंडल के सभी बूथ केंद्रों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम



**दमोह।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 131 वां संस्करण भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में मंडल के सभी बूथ केंद्रों पर कार्यक्रम को श्रवण किया। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने मन की बात का कार्यक्रम दीनदयाल नगर मंडल के मांगज वार्ड नंबर 5 के बूथ क्रमांक 133 पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, जिला महामंत्री महेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी, बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अमर सिंह राजपूत एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ श्रवण किया। दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने छिंदवाड़ा में प्रवास के दौरान मन की बात कार्यक्रम श्रवण किया। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि मन की बात' में प्रधानमंत्री ने हाल ही में दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया ए आई इम्पेक्ट समिट 2026 की सफलता का जिक्र किया, उन्होंने ने कहा कि ये अब तक की सबसे बड़ी ए आई सम्मेलन था, जिसमें दुनिया भर के नेता, टेक सीईओ, इनोवेटर्स और स्टार्टअप से जुड़े लोग शामिल हुए। ये सम्मेलन ए आई के भविष्य को आकार देने में एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ हैं। सांसद राहुल सिंह लोधी कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों को धरती का सच्चा साधक बताया है। जिस तरह उन्होंने ओडिशा के युवा किसान हिरोद पटेल की सराहना कि कैसे उन्होंने पारंपरिक खेती को तकनीक से जोड़कर नया मॉडल तैयार किया है। हिरोद ने अपने खेत के तालाब के ऊपर जालीदार ढांचा बनाकर सब्जियां उगाईं और किनारों पर फलदार पेड़ लगाए, साथ ही तालाब में मछली पालन भी शुरू किया। दमोह भी कृषि प्रधान जिला है हमारे यहां के किसान भी मेहनत और लगन से धन धान्य से जिले को आगे बढ़ा रहें हैं। मंडल कार्यक्रम में नरेंद्र बजाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, आई टी सेल संयोजक रिंकू गोस्वामी, नगर महामंत्री अरूण सोनी, महेंद्र अहिरवार, आशीष राय, प्रमोद विश्वकर्मा, अनुभव गौतम, राहुल पाठक, वेद प्रकाश दुबे, सुनील अहिरवार, मांगज वार्ड अध्यक्ष प्रशांत राजपूत, कृष्णा तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, नारायण सोनी, करन सूर्यवंशी, स्वप्निल प्यासी, विधान पाराशर, सृजन असाटी, सहित बड़ी संख्या में ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## संत निरंकारी मिशन ने किया श्रमदान

**दमोह।** स्वच्छ जल, स्वच्छ मन , प्रोजेक्ट अमृत' अभियान के चौथे चरण का भव्य एवं प्रेरणास्पद आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के मार्गदर्शन में भारतवर्ष के 25 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेश के 930 शहरों के 1600 से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। संत निरंकारी चरिटेबल फाउंडेशन के तत्वादान मे निरंकारी मिशन की शाखा दमोह मे आज 22-02-26 दिन रविवार को सुबह 07.30 से 10 बजे तक पंडित दीन दयाल पार्क जटाशंकर मे श्रमदान किया गया, श्रमदान कर मिशन के अनुयायियों ने सेवा का भाव दिखाया। वही इस पावन अवसर पर जिला दमोह कॉलेक्टर महोदय श्री सुधीर कोचर एवं उनकी पूरी स्वच्छता टीम भी शामिल हुई। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में, बाबा हरदेव सिंह जी की अनेक शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए इस 'प्रोजेक्ट अमृत' का आयोजन किया गया। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का शुभारम्भ सेवादल के प्रार्थना गीत से हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर देशभर में प्रसारित दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा, अनुशासन एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई, जो आयोजन की सुव्यवस्थित एवं संस्कारित कार्यशैली को दर्शाता है। इसी अवसर पर खुले प्रांगण में सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

### सरपंच को नहीं मिल पा रहा शासकीय योजना का लाभ

# कुआँखेड़ा नायक की गरीब महिला के लिये सरपंची बनी जी का जंजाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

एक ओर जहाँ पंचायती राज मे जिला, जनपद एवं पंचायतों के सदस्य,सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक अपने कुछ ही समय के कार्यकाल में बेतहाशा अनर्गल कमाई कर शासन- प्रशासन को चूना लगा कर लाखों रुपया बारे-न्यारे कर आलीशान जीवन जी रहे हैं। तथा मनमाफिक रूपया- पैसा खर्च कर ऊंचे ऊंचे महलों मे रहते हुये लग्जरी गाड़ियो मे घूमते हुये इसी दुनिया में ही स्वर्ग जैसा आनन्द ले रहे हैं। वहीं इसी कलयुगी दुनिया मे जन्मी एक अनुसूचित जाति की गरीब महिला सरपंच लकड़ी-पन्नी की झोपड़ी में अपने परिवार के साथ रह कर जीवन निर्वाह करने को विवश है। जानकारी मिली है कि उक्त गरीब महिला को वर्तमान मे शासन-प्रशासन की किसी योजना का लाभ नही दिया जा रहा है। उसके लिये एक तरह से सरपंची एक अभिशाप एवं जी का जंजाल बनी प्रतीत हो रही है।

हम यहाँ बात कर रहे हैं दमोह ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुआँ खेड़ा नायक के गाँव सेमरपटी मे बदतर जिन्दगी जी रही वर्तमान सरपंच मीना बाई अठया की। सरपंच मीना बाई वर्तमान में लकड़ी-पन्नी से बनी अस्थायी झोपडी. मे अपने सारे परिवार के दस सदस्यों के साथ नारकीय जीवन जी रही है। इनके दस सदस्यों वाले परिवार मे इनके पति, देवर, देवरानी, सास, ससुर एवं चार बच्चे शामिल हैं। ये सभी सदस्य खाना बदोश जातियों की तरह एक झोपडी. मे तीन खण्ड बनाकर रहते हैं। हर साल बरसात के दिनों में सरपंच मीना बाई का परिवार या तो मायके में रहने के लिये चला जाता है । या फिर दमोह मे एक किराये का मकान लेकर पूरी बरसात का महीना जैसे तैसे गुजारता है। ये लोग वर्षा खत्म हो जाने पर पुनः वापिस अपने सेमरपटी गाँव रहने आ जाते हैं।

मीना बाई अठया एवं परिवार के सदस्यों ने पीएम आवास योजना के लिये पूर्व मे भी कोशिश की थी। पर योजना का लाभ आज तक नही मिला। कक्षा 06 वी तक पढ़ी मीना बाई ने बताया कि लोगों ने मुझे गुमराह कर बताया है कि नियम अनुसार सरपंच को इस योजना का लाभ नही मिल सकता है। सरपंच के ससुर नाथूराम अठया ने बताया कि पीएम आवास योजना के लिये हमने भी पूर्व मे कोशिश की। मगर आवास योजना का लाभ नही मिल पाया। फोन पर बात करने पर वर्तमान सचिव कमलेश खरे ने बताया है कि सरपंच के परिवार के दो आवास योजना सम्बंधी आवेदनों की कार्यवाही हमने वर्तमान मे की है। जिसकी कार्यवाही अभी लम्बित है। श्री खरे ने बताया कि आवास योजना का नियम है कि रजिस्ट्रेशन एवं सूचीकरण के क्रम के आधार पर ही लाभ दिया जाये। सरपंच मीना बाई ने बताया की हमारे यहाँ वर्तमान मे ना तो स्वच्छ भारत अभियान के तहत शासकीय शौचालय ही बना है। ना ही हमको उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर की सुविधा का लाभ ही मिल पाया है।

साथ ही हमारे पास सस्ते दर से राशन सामग्री पाने के लिये ना तो खादयान्ह पर्ची है। बाजार भाव से राशन सामग्री आदि खरीदना पड़ रही है। हमे सरपंच होने के चलते लाडली बहना योजना का लाभ भी हमे नही मिल पा रहा है। कुल मिलाकर मीना बाई अठया को सरपंची एक मजाक के साथ साथ एक मुसीबत बन गई है। गाँव के लोगों ने बताया कि सरपंच मीना बाई वर्तमान में अपने पति एवं गाँव वालों के साथ खेती एवं निर्माण कार्यों मे अस्थायी दैनिक मजदूरी करके अपने परिवार का पालन- पोषण कर रही है। इस सम्बन्ध में म. प्र. एकता परिषद के जिलाध्यक्ष सुजात खान ने कहा कि वास्तव मे कुआँखेड़ा नायक ग्राम पंचायत की प्रथम सम्मानित महिला जनप्रतिनिधि एवं कमजोर वर्ग से आने वाली मीना बाई अठया की वर्तमान राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, बौद्धिक स्थिति सभी के लिये चिंता एवं तत्काल कुछ कर गुजरने का विषय है।श्री खान ने कहा कि इनकी हालत देखकर बड़ा दुख होता है।

कृपया कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जिले के सभी जबाबदार जनप्रतिनिधि, आला अधिकारी तत्काल इस दिशा में शीध्र न्यायोचित कार्यवाही करने की मेहरबानी करें।

## समाधान योजना के तहत शिविर का आयोजन



**तेजगढ़।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तेजगढ़ मुख्यालय से लगभग 2 किलोमीटर दूर हर्रई सिंगौरगढ़ विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा समाधान योजना का उपभोक्ताओं को शिविर लगाकर लाभ दिलाया जा रहा है। जिसमें जिला अधीक्षण अभियंता अमित कुमार चौहान के निर्देशन में एवं तेजगढ़ हर्रई कनिष्ठ अभियंता शिवदयाल अहिरवाल के नेतृत्व मे विद्युत विभाग स्टाफ के साथ तेजगढ़ से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मोजी लाल खमरिया में प्रदेश सरकार की समाधान योजना के तहत अनेकों ग्रामों में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को लाभ दिलाया जा रहा है। इसी तरह मौजीलाल खमरिया में योजना के तहत कैंप का आयोजन किया गया था।जिसमें 25से 30विद्युत उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाया गया। हर्रई तेजगढ़ विद्युत विभाग के अभियंता सहित विद्युत विभाग स्टाफ की उपभोक्ताओं ने सराहना की। उपभोक्ताओं से योजना के तहत लगभग 45000 हजार रुपए की विद्युत वसूली की गई। सभी उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग की पूरी टीम और शासन की योजना की सराहना की। 0 विद्युत टीम में कनिष्ठ अभियंता शिवदयाल अहीरवाल प्रेम सिंह बाबू विक्रम सिंह शैलेंद्र यादव आशीष अहिरवाल,के अलावा शिविर में ग्रामीणों सहित विद्युत विभाग स्टाफ मौजूद रहा।

## सड़क निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक



**दमोह।** शहर से लगे आम चोपड़ा और अथाई मार्ग का प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है जिसका अवलोकन करने प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री और वर्तमान विधायक जयंत मलैया ने रविवार शाम पहुंचकर अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों के साथ ठेकेदार/कॉन्ट्रैक्ट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. कहा सर्वप्रथम निर्माण कार्य करने के पहले अतिक्रमण हटाया जाए, नालियों का निर्माण किया जाए। साथ ही पानी निकासी की व्यवस्था को देखते हुए व्यवस्थित रोड निर्माण करने के निर्देश दिए. बता दें कि यह मार्ग सीधा मेडिकल कॉलेज के लिए लगेगा। सुख सागर से लेकर मेडिकल तक बहुत अच्छा मार्ग हो जाएगा। लोगों के लिए परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर देवेश साहू महाप्रबंधक पीआईयू मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, कॉन्ट्रैक्ट/ठेकेदार प्रशांत, प्रिंस शर्मा, मनीष तिवारी, सरपंच जयपाल यादव,बीएस ठाकुर,अतुल असाटी के अलावा और भी स्थानीय जन मौजूद रहे।

### कागजों पर चल रही मोनीटरिंग की खुल गई पोल

# हटा की एंबुलेंस से पन्ना पुलिस ने पकड़ी 10 पेटी अवैध देशी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा मरीजों को जान बचाने के लिये समय पर उपचार दिलाने के लिये जो सुविधा बनाई गई वहीं यह सुविधा शराब मफियाओं के लाभ के लिये एम्बुलेंस का उपयोग करते हुए शराब से भरी जब हटा की एम्बुलेंस पन्ना जिले के गुनौर थाना क्षेत्र में पकड़ी गई तो सभी की संवेदनशीलता को झकझोर कर रख दिया।

दरअसल विगत कुछ दिनों पूर्व पन्ना पुलिस ने हटा अस्पताल की एम्बुलेंस से अवैध शराब के परिवहन करते हुए 10 पेटी अवैध शराब में प्रयुक्त एम्बुलेंस को पकड़ा गया। विगत दिवस 12-13 फरवरी 2026 की दास्तां जहां थाना प्रभारी गुनौर माधवी अग्निहोत्री ने उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया। जिससे यह पोल खुल गई कि एम्बुलेंस वाहन क्र.बीएल 046, 7479 जिसमें अनुमानित 60 हजार रूपये की देशी शराब बरामद की गई थी। ड्राइवर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया आरोपियों का नाम लोकेन्द्र लोधी पिता नरेन्द्र लोधी निवासी चीलघाट कुम्हारी, विद्या प्रसाद दहायत पिता जीवन लाल दहायत निवासी कुडई पटेरा, अभिषेक राजपूत पिता साहब सिंह राजपूत निवासी थाना रनेह इस तरह से तीन आरोपियों को पन्ना जिले की पुलिस ने उक्त एम्बुलेंस को अवैध शराब विक्रय परिवहन को लेकर धरा गया था। गौर करने वाली बात यह है कि उक्त एम्बुलेंस हटा थाने में रहती थी साथ ही यहां सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब एम्बुलेंस का उपयोग शराब के परिवहन व विक्रय में किया जाता था तो एम्बुलेंस स्वास्थ्य विभाग में मरीजों को केसे मिलती रही होगी। इसकी पोल तो खुल ही गई। वहीं मामले की विवेचना पुलिस के द्वारा की जा रही है। विवेचना उपरांत निश्चित तौर पर पर्दाफाश हो जायेगा आखिरकार एम्बुलेंस कितने दिनों से शराब के अवैध कारोबार विक्रय व परिवहन में उपयोग की जाती रही होगी। यह भी सामने आयेगा कि नहीं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। गौर करने वाली बात है कि प्रदेश की भाजपा सरकार में हटा विधानसभा क्षेत्र में हटा अस्पताल में किस तरह से एम्बुलेंस का उपयोग अवैध शराब एवं परिवहन में उपयोग किया जा रहा जिसको लेकर स्वयं ही पोल खोल रही है कि स्वास्थ विभाग कि जो एम्बुलेंस हटा थाने में खड़ी रहती थी वहां से पन्ना जिले के महेबा-अमानगंज तरफ जाने में एम्बुलेंस जो पकड़ी गई जिसमें संवेदनशीलता की पोल तो खुल ही गई कि कैसी मानीटरिंग, कैसे हालात किस तरह से एम्बुलेंस का दुरउपयोग किया गया है।

### सवारियां भी ढोने का काम कर रही एम्बुलेंस

एंबुलेंस में अवैध शराब परिवहन के मामले के अलावा हटा सिविल अस्पताल क्षेत्र में संचालित एम्बुलेंस से ड्राइवरों द्वारा अस्पताल से भर्ती मरीजों, दमोह से हटा आते समय, अस्पताल में भर्ती मरीजों व परिजनों को घर भेजने के लिए मन माफिक पैसे वसूल कर सवारियां ढोने का काम किया जा रहा है जबकि यदि किसी आपात स्थिति में मरीज के परिजनों द्वारा सुविधा के लिए 108 पर फोन लगाया जाता है तो यही एम्बुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं होती और मॉनिटरिंग के दौरान एंबुलेंस व्यस्त होने का ब्योरा मरीज को बताया जाता है। यह कैसी मॉनिटरिंग और कैसा सरकार का संचालन।

## मुनि श्री के सानिध्य में विधान के महापात्रों का चयन आज

**दमोह।** नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में सकल जैन समाज के द्वारा मुनि श्री 108 पदम सागर जी महाराज के सानिध्य में 24 फरवरी से 3 मार्च तक श्री 1008 चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 23 फरवरी को सुबह 8:30 बजे से मुख्य पात्र चयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वही 24 फरवरी को सिटी नल से विधान की कलश घट शोभायात्रा निकाली जाएगी। 24 समोशरण महामंडल विधान को लेकर सकल जैन समाज के बीच जहां उत्साह का माहौल बना हुआ है वही आमंत्रित अतिथि जनों को आमंत्रण पत्र भी सौपे जा रहे हैं। इधर विधान स्थल पर पंडाल लगाए जाने के साथ सभी तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही है। इसके पूर्व युवाओं को धर्म मार्ग से जोड़ने 22 फरवरी को श्री नन्हे मंदिर परिसर में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री पदम सागर जी एवं छुल्लक तात्पर्य सागर जी के द्वारा नवयुवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। युवाओ की शंकाओं का समाधान किया गया। आज के इस भौतिकवाद, चकाचोंध और आपाधापी भरे जीवन में युवा वर्ग अपनी ऊर्जा और मन को कैसे संयमित व नियंत्रित करके उचित दिशा में कैसे क्रियाशील करें इसका भी मुनि श्री द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से विकल्प जैन ने किया। विधान समिति के संयोजक महेश दिगंबर, नन्हे मंदिर समिति अध्यक्ष नवीन निराला, विवेक राम, अमरजीत लालू, विवेक मोदी, सौरभ, शीतेश सहित बड़ी संख्या में युवाओं एवं बालिका मंडल उपस्थिति रही।

## जनपद में वर्षों से पदस्थ कर्मचारियों की मनमर्जी

**पथरिया।** जनपद पंचायत पथरिया में वर्षों से पदस्थ कर्मचारियों की मनमर्जी से आमजन परेशान भले हो पर वह कार्यालय में अधिकारी के सामने अपने जिम्मेदार कर्मचारी होने की मंशा जरूर पूरी करते हैं। विगत कुछ माह पहले उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने भी इस बात का जिक्र किया कि वर्षों से कर्मचारियों की एक ही जगह पदस्थापना है। यही प्रमोशन तक हो जाते हैं जिससे वह मनमर्जी करते रहते है। यही कारण है कि सब अधिकारी ऐसे कर्मचारियों की हां में हां मिलाते नजर आते हैं। पथरिया का प्रभाव है कि अगर कोई कोई भी कर्मचारी पदस्थापना होने के एक वर्ष थम गया तो फिर वह जाना नही चाहता। चाहे भले कुछ हो जाए तबादला का नाम सुनकर ऐड़ी चोटी का जोर लगा देंगे पर तबादला नही हो यह प्रयास करते है। अगर जनपद पंचायत कर्मचारियों की बात करें तो कुछ ऐसे भी हैं जिनकी महीने की सैलरी जितनी है अगर हिसाब लगाया जाए तो उतने का वह पेट्रोल डीजल खर्च कर देते हैं पर सीट जहां जिम्मेदारी निभा रहे वहां का प्रभाव ऐसा है कि जितनी सैलरी उतने 2-4 दिन में मिल जाते हैं ऐसे में कुछ फर्क नहीं पड़ता है। जो हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है। शासन की सबसे महत्वपूर्ण योजना मनरेगा ऐसी है जिसमें 100 रूपए का काम 50-55 रूपए में पूरा कराने के बाद भी 100 का बताया जाता है फिर सबका साथ और सबका विकास भी हो रहा है।